

उवाच

> सरकार न केवल आतंकवादियों को बल्कि जम्मू-कश्मीर में पूरे आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने के लिए कृत संकल्पित है। हमारी पुलिस और सुरक्षा बलों का अदम्य साहस हमारी सीमाओं के बाहर और भीतर के दुश्मनों को कामयाब नहीं होने देगा।
>
> -मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	36.	32.
मुंबई	31.	29.
कोलकाता	34.	3.
चेन्नई	34.	28.

केंद्र सरकार की अगले डेढ़ साल में दस लाख भर्ती की घोषणा पर विपक्ष हमलावर

युवाओं को बेरोजगारी बांट रही भाजपा सरकार

युवाओं से नौकरी का वादा करने वाली सरकारें बेरोजगारी का दंश झेलने को कर रही हैं मजबूर : अखिलेश यादव

लखनऊ/बस्ती, 14 जून (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी को प्रोत्साहन देने का आरोप लगाते हुए कहा कि युवाओं से नौकरी का वादा करने वाली केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकारें बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर कर रही हैं।

यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा की सरकार रोजगार देने की जगह बेरोजगारी दे रही है। महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव के समय कह रहे थे कि 100 दिनों मे भर्ती निकाल कर रोजगार देंगे लेकिन अपना संकल्प पत्र भूल गए है। इन्हें अपने संकल्प पत्र को पढ़ना चाहिए और जनता के बीच बीच में बताना चाहिए कि संकल्प पत्र के आधार पर कितना कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की भाषा शैली कुछ अलग है। इन लोगों को अपने लिए अलग से सलाहकार नियुक्त कर लेना चाहिए जिससे समय-समय पर सलाहकारों द्वारा भाषा शैली में सुधार किया जा सके। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध ईडी जांच की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि यह दोहरी राजनीति है, सपा इसकी कड़ी निंदा करता है। अगर काग्रेस की सरकार ने कोई गलत काम किया है तो भाजपा को उसका उदाहरण नहीं बनना चाहिए, पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल कायम है। इनका 'ला' कहीं और है 'ऑर्डर' कहीं और है।

योगी सरकार सिर्फ अपने लोगों को खुश करने के लिए कार्य कर रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को रोजगार देने की बात करते थे लेकिन भूल गए हैं युवाओं को रोजगार देना है तो दूर उनके बारे मे सोचते भी नहीं है। भाजपा की सरकार में सरकारी भवन, एयर पोर्ट, भारतीय जीवन बीमा निगम बिक रहा हैं और रेलवे बिकने के कगार पर है।

जातिवाद की राजनीति कर रही केंद्र सरकार

भाजपा जातिवाद की राजनीति कर रही है। न्याय के सिद्वान्त को भूल गई है, कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। संविधान के नियमों को भूल कर बुलडोजर चलाया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है। सरकार का काम विकास करना होता है देश तथा प्रदेश को आगे बढ़ाना है लेकिन भाजपा सरकार इस कार्य मे फेल है। गौरतलब हो कि पूर्व विधायक जितेन्द्र कुमार उर्फ नन्दू चैधरी का विगत दिनो निधन हो गया था उनके परिजनों से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक दिवसीय दौरे पर आए थे।

दस लाख भर्ती की घोषणा चुनावी छलावा : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा अगले डेढ़ साल में दस लाख भर्ती की घोषणा चुनावी छलावा है। मायावती ने कहा कि केंद्र की गलत नीतियों और कार्यशैली के कारण देश में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। ऐसे में जब लोकसभा चुनाव नजदीक है, तब दस लाख भर्ती की घोषणा चुनावी राजनीति से प्रेरित लगती है। उन्होने दलित और पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि समाज के इस वर्ग के लोग गरीबी और बेरोजगारी की मार सबसे ज्यादा झेल रहे है मगर सरकार खामोश है। बसपा अध्यक्ष ने ट्वीट किया, केंद्र की गलत नीतियों व कार्यशैली के कारण गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी व रुपए का अवमूल्यन आदि अपने चरम पर है जिससे सभी त्रस्त व बेचेन हैं, तब केंद्र ने अब अगले डेढ़ वर्ष में अर्थात लोकसभा आम चुनाव से पहले 10 लाख भर्ती की घोषणा की है जो यह कहीं नया चुनावी छलावा तो नहीं है। उन्होंने कहा, साथ ही, एससी, एसटी व ओबीसी वर्गों के इससे कई गुणा अधिक सरकारी पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं जिनको विशेष अभियान चलाकर भरने की माँग बीएसपी संसद के अन्दर व बाहर भी लगातार करती रही है। उनके बारे में सरकार चुप है जबकि यह समाज गरीबी व बेरोजगारी आदि से सर्वाधिक दु:खी व पीड़ित है।

अमरनाथ यात्रा से पहले ज्येष्ठ पूर्णिमा पर पवित्र गुफा में प्रथम पूजा संपन्न

2019 में हुई थी जम्मू में, पहले हुआ करती थी चंदनवाड़ी में

जम्मू, 14 जून (देशबन्धु)। दो सालों के बाद संपन्न होने वाली अमरनाथ की वार्षिक यात्रा के लिए जयेष्ठ पूर्णिमा पर होने वाली प्रथम पूजा को इस बार भी पवित्र गुफा में आयोजित किया गया। वर्ष 2019 में इसे जम्मू में संपन्न किया गया था पर जबकि पिछले साल अमरनाथ यात्रा को रद्द कर दिए जाने के बावजूद भी प्रथम पूजा पवित्र गुफा में संपन्न की गई थी। अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, अमरनाथ गुफा में मंगलवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रथम पूजा हुई। साधु-संत व विद्वानों ने हवन और आरती कर पवित्र हिमलिंग की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसमें अमरनाथ श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नितेश्वर कुमार के साथ बूढ़ा अमरनाथ यात्री न्यास के पदाधिकारी भी शामिल हुए। कोरोना काल से पहले प्रथम पूजा चंदनबाड़ी में की जाती थी लेकिन कोरोना के कारण उपजे हालात में वर्ष 2019 में इसे जम्मू में संपन्न करवाया गया था तो पिछले साल यात्रा रद्द होने के बावजूद गुफा में। पवित्र गुफा से सुबह व शाम को आरती का सीधा प्रसारण भी करवाने का फैसला किया गया है। आरती का सीधा प्रसारण 30 जून से 11 अगस्त तक होगा।

तीस जून से शुरू हो रही है अमरनाथ यात्रा

दो साल बाद 30 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। इसके लिए शिवभक्त काफी उत्साहित हैं।श्राइन बोर्ड करीब छह से सात लाख श्रद्धालुओं के यात्रा में पहुंचने की उम्मीद लगाकर तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रथम पूजा कार्यक्रम के लिए बाबा अमरनाथ एवं बूढ़ा अमरनाथ यात्री न्यास के तीन पदाधिकारियों को न्यौता दिया गया। न्यास के अध्यक्ष पवन कोहली के अलावा महामंत्री सुदर्शन खजूरिया व उपाध्यक्ष शक्ति दत्त शर्मा शामिल रहे।

सार संक्षेप

वेंकैया नायडू ने संत कबीर को किया नमन

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने संत कबीर को भावपूर्ण नमन करते हुए उन्हें महान समाज सुधारक बताया है। नायडू ने संत कबीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि संत कबीर की शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रही है। नायडू ने संत कबीर के दोहे- ज्यों तिल माही तेल है, ज्यों चकमक में आग। तेरा साईं तुझमें बसे, जाग सके तो जाग-का उल्लेख करते हुए कहा कि वह कवि, संत और महान सुधारक थे। उन्होंने कहा,भारत की निर्गुण परंपरा के मूर्धन्य कवि और समाज सुधारक संत कबीर की जयंती पर सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध उनके संदेश और मानवता की आध्यात्मिक एकता में उनके विश्वास को सादर स्मरण करता हूं।

जम्मू-कश्मीर में महसूस किए गए भूकंप के झटके

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में मंगलवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के बदख्शन प्रांत में 36.52 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 71.18 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था और भूकंप के झटके कुछ ही सेकेंड के लिए महसूस किए गए। उन्होंने बताया कि भूकंप मंगलवार दोपहर एक बजकर पांच मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र गुलमर्ग के उत्तर पश्चिम से 389 किमी और श्रीनगर से 415 किमी उत्तर पश्चिम में जमीनी सतह से 22 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप से हालांकि किसी भी तरह की जान-माल की कोई क्षति नहीं हुई है।

आरपीएफ जवान की सूझबूझ से यात्री की बची जान

भोपाल। मध्य प्रदेश के भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में मंगलवार सुबह एक यात्री ट्रेन में चढ़ने के दौरान ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गया, जिसे ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के एक जवान की सूझबूझ से सुरक्षित बचा लिया गया और उसे गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

61.75 लाख का सोना जब्त, दो महिलाएं गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु में चेन्नई के अन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क इकाई ने मंगलवार को श्रीलंका के कोलंबो से आई दो महिला यात्रियों को गिरफ्तार कर उनसे 1.33 किलोग्राम सोना बरामद किया जिसकी कीमत 61.75 लाख रुपए है। सीमा शुल्क आयुक्त कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि कोलंबो से आई तीन श्रीलंकाई महिलाओं और एक भारतीय महिला

जनता को रोज संकटों में डालना भाजपा सरकार की बनी आदत : कमलनाथ

मप्र में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी का लगाया आरोप

भोपाल, 14 जून (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पूरे प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार खरीफ की बोवनी के इस समय में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित कराए। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता को रोज संकटों में डालना भाजपा सरकार की आदत बन चुकी है। अब पेट्रोल पंपों पर तेल की आपूर्ति का संकट खड़ा कर दिया गया है। राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में पंप ड्राय होने लगे हैं। जनता पेट्रोल-डीजल की किल्लत से जूझ रही है। आगे हालात और भी भयावह होने का भय है। खरीफ की बोवनी के समय में डीजल की मांग लगातार बढ़ रही है और आपूर्ति अभी से बाधित होने लगी है। पूर्व से ही खाद, बीज और बिजली संकट की मार झेल रहे किसान अब डीजल की कमी की मार भी झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि समय रहते तत्काल पेट्रोल डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराएं।

राष्ट्रपति पद के लिए शरद पवार सबसे बेहतर : संजय राउत

शिवसेना की ओर से पवार को समर्थन दिए जाने की जताई संभावना

राष्ट्रपति चाहिए तो शरद पवार हैं, रबर स्टैम्प चाहिए तो बहुत से नेता देश में हैं : संजय राउत

लखनऊ/अयोध्या, 14 जून (देशबन्धु)। शिवसेना के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय राउत ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा) प्रमुख शरद पवार राष्ट्रपति पद के लिए देश के सबसे बेहतर उम्मीदवार हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र एवं कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे के बुधवार को प्रस्तावित अयोध्या दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के आए राउत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए एनसीपी प्रमुख शरद पवार एक बेहतर नेता हैं और शिवसेना की ओर से उन्हें समर्थन दिया जा सकता है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह द्वारा शरद पवार से मुलाकात किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 15 जून को दिल्ली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैर भाजपा शासित प्रदेशों के नेताओं की बैठक बुलाई है जिसमें शिवसेना के नेता भी मौजूद रहेंगे। शरद पवार राष्ट्रपति पद के लिए सर्वसम्मति से विपक्ष के उम्मीदवार चुने जा सकते हैं। शिवसेना सांसद ने कहा कि देश को राष्ट्रपति चाहिए तो शरद पवार हैं। रबर स्टैम्प चाहिए तो बहुत से नेता देश में हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ पर राउत ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस को ही नहीं बल्कि सभी विपक्षी दलों को इस मामले पर हमलावर होना चाहिए, जो राजनैतिक दल या नेता सिर्फ पूछने की हिम्मत करते हैं या सवाल करते हैं उनका केंद्रीय जांच एजेंसी के माध्यम से उत्पीड़न किया जाता है, जो देश के लिए ठीक नहीं है। दस लाख लोगों को नौकरी दिए जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का स्वागत करते हुए उन्होंने तंज कसा कि प्रधानमंत्री ने पहले भी दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था।

शिवसेना का धार्मिक कार्यक्रम है इसे राजनीति से न जोड़ा जाए : शिवसेना

शिवसेना सांसद संजय राउत ने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे के बुधवार को होने वाले अयोध्या यात्रा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए यहां आए हैं। आदित्य ठाकरे पहले प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करेंगे फिर उसके बाद श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन करने के बाद सरयू आरती करेंगे। यह शिवसेना का धार्मिक कार्यक्रम है। इसे राजनीति से न जोड़ा जाए यह कार्यक्रम दो साल पहले बना था, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण आदित्य ठाकरे अयोध्या नहीं आ पाए थे। अब चूंकि महामारी का प्रकोप शांत हो गया है, तो अब उनका आगमन अयोध्या नगरी में हो रहा है।

मप्र में सड़क हादसा, दो पुलिसकर्मियों सहित तीन की मौत

इंदौर के सिमरोल में कार के ट्रक से टकरा जाने से हुआ हादसा

इंदौर की जिला पुलिस लाइन में पदस्थ थे दोनों पुलिसकर्मी

इंदौर, 14 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के सिमरोल थाना क्षेत्र में एक कार के ट्रक से टकरा जाने से दो पुलिसकर्मियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के सिमरोल इलाके में कनाड़ गांव के पास एक कार कल देर रात एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में पुलिस कर्मचारी धमेन्द्र सिंह और कुलदीप सिंह तथा देवास निवासी विनोद की मौत हो गई। दोनों पुलिसकर्मी इंदौर की जिला पुलिस लाइन में पदस्थ थे। सूचना मिलने पर पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजे गए। बताया गया है कि एक पुलिसकर्मी की पत्नी को तबीयत खराब थी, जिसे लेकर पुलिसकर्मी कार से खंडवा जा रहे थे। तभी कार एक ट्रक में घुस गई और तीन लोगों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है।

शिवराज ने सड़क हादसे पर जताया दुख

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर जिले के कन्नड़ गांव में एक सड़क हादसे में दो पुलिसकर्मियों सहित तीन लोगों के असामयिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री चौहान ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान देने तथा परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में अब सुनवाई 28 जून को

निर्वाचन आयोग की ओर से दो बार टाली जा चुकी है सुनवाई

रांची, 14 जून (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में अब अगली सुनवाई 28 जून को होगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने वकील के कोरोना पॉजिटिव होने का हवाला देते हुए नई दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के समक्ष पेश होने के लिए और अधिक समय मांगा। जिसे आयोग ने स्वीकार करते हुए 14 दिनों का समय दिया। लेकिन आयोग की ओर से इस बात यह भी कहा गया है कि अगली तिथि को वे खुद या अपने वकील के माध्यम से पक्ष रखे, अन्यथा उनकी ओर से जो लिखित जवाब सौंपा गया है, उसी के आधार पर फैसला लिया जाएगा।

उप्र के बदायूं में कार में बंद बच्चों की गई जान

बदायूं, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के सहसवान कोतवाली क्षेत्र में कार में बंद दो बच्चों की कथित रूप से दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भवानीपुर खेरू गांव निवासी खालिद और राशिद आपस में साले बहनोई हैं। दोनों के बच्चे सालिम और अयान सोमवार देर शाम घर के बाहर ही खेलते समय लापता हो गए थे। काफी देर तक बच्चों के न दिखने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। आसपास मुहल्ले व रिश्तेदारों के यहां बच्चों को ढूंढने गए मगर बच्चे कहीं नहीं मिले। परिजनों द्वारा पुलिस की मौजूदगी में जब गाड़ी खोली गई तो दोनों बच्चे सालीम और अयान बेहोशी की अवस्था में गाड़ी में पड़े मिले। पुलिस द्वारा बच्चों को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी रायपुर

नोटिस

क्रमांक/10/ब-121/2021-22/668 रायपुर, दिनांक 20 मई, 2022

प्रति,
1. श्री [illegible] साहू [illegible]
2. श्रीमती प्रेमलता साहू
3. श्री [illegible] साहू

[illegible] नगर कालोनी [illegible] जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी आदित्य बिरला हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय रवि नगर रायपुर की ओर से अमित मिश्रा अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र [illegible] आपको 4,54,729.00 रुपये का ऋण दिया गया था, और श्रीमती प्रेमलता साहू के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गयी थी। किन्तु आप ऋण की अदायगी नहीं कर रहे है। जिसके कारण आपको कंपनी द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपये 4,14,500.00 अदा करें, अन्यथा आपके द्वारा रखी गई बंधक संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी की जानकारी दी जाकर, कंपनी के पक्ष में ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी आदित्य बिरला हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय रवि नगर रायपुर से 4,54,729.00 रू. का ऋण प्राप्त कर श्रीमती प्रेमलता साहू के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गई है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में श्रीमती प्रेमलता साहू के स्वामित्व की बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20.06.2022 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 20 मई, 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी रायपुर

नोटिस

क्रमांक/28/ब-121/2021-22/ रायपुर, दिनांक 20 मई, 2022

प्रति,
1. श्री किशनचंद सलूजा
2. श्रीमती राधा देवी सलूजा
3. श्री हेमंत कुमार सलूजा
4. मेसर्स दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी
5. श्री गोविंद राम मेघानी/सलूजा

50/825 लाखे नगर बंधवापारा पुरानी बस्ती जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी आदित्य बिरला हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय रवि नगर रायपुर की ओर से अमित मिश्रा अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र में आपको 98,06,806.00 रुपये का ऋण दिया गया था, और गोविंद राम सलूजा के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गयी थी। किन्तु आप ऋण की अदायगी नहीं कर रहे है। जिसके कारण आपको कंपनी द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपये 18,38,726.00 अदा करें, अन्यथा आपके द्वारा रखी गई बंधक संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी की जानकारी दी जाकर, कंपनी के पक्ष में ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी आदित्य बिरला हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय रवि नगर रायपुर से 98,06,806.00 रू. का ऋण प्राप्त कर गोविंद राम सलूजा के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गई है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में गोविंद राम सलूजा के स्वामित्व की बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 04.07.2022 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 20 मई, 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

ICICI Home Finance

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार(रो)/सह-कर्जदारों का नाम/गारंटरो/ कानूनी वारिसों का नाम/ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1	अखिलेश ठाकुर (कर्जदार), बीना ठाकुर (सह-कर्जदार) एलएचआरपीआर00001314957	प्लॉट नंबर 523, 524, 525 जीके टाउनशिप, मौजा सिलतारा, छत्तीसगढ़	रू. 30,16,962/- (07-06-2022 को)	रू. 9,00,000/- रू. 90,000/-	28-06-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	30-06-2022 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
2	दीपेन्द्र ताओरी (कर्जदार), प्रीति ताओरी (सह-कर्जदार) एलएचआरपीआर00001346175	खसरा नंबर 555/ 2, पीएच नंबर 14/19, मौजा खुर्द छत्तीसगढ़	रू. 31,24,189/- (07-06-2022 को)	रू. 12,00,000/- रू. 1,20,000/-	28-06-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	30-06-2022 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
3	खीरोद्र कुमार चौधरी (कर्जदार), चौधरी हेमलता (सह-कर्जदार) एलएचआरपीआर00001315486	खसरा नंबर 562/77 पीएच नंबर 20, जीके टाउनशिप मल्टी मौजा सिलताड़ा, छत्तीसगढ़	रू. 55,28,158/- (07-06-2022 को)	रू. 20,00,000/- रू. 2,00,000/-	28-06-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	30-06-2022 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
4	मिथिलेश सिंह (कर्जदार), मान सिंह (सह-कर्जदार), राहुल सिंह (सह-कर्जदार) एलएचआरपीआर00001318646	प्लॉट नंबर 323 और 324 जीके टाउनशिप, मौजा सिलतारा, छत्तीसगढ़	रू. 15,86,768/- (07-06-2022 को)	रू. 6,00,000/- रू. 60,000/-	28-06-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	30-06-2022 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 29 जून, 2022 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 29 जून, 2022 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। कृपया नोट करें कि यदि संभावित बिडर (बिडर्स) अपनी ऑफर उपरिवर्णित समयानुसार जमा नहीं कर सकते हैं तो निविदा दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 29 जून, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा कर सकते हैं। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में रायपुर में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 15 जून, 2022
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई
होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड